भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2188
गुरूवार, 16 दिसम्बर, 2021/25 अग्रहायण, 1943 (शक)

पूर्वोत्तर में महिलाओं के रोजगार हेतु कदम

2188. श्रीमती झरना दास बैद्यः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूर्वोत्तर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके रोजगार के संबंध में सरकार ने क्या-क्या कदम उठाए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) किस राज्य में कितने रोजगार सृजित हुए, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ख): पूर्वोत्तर क्षेत्र के गैर-सेवा वाले और अल्प-सेवा वाले क्षेत्रों में जमीनी स्तर के छोटे उधारकर्ताओं की सहायता करने के लिए पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लिमिटेड (एनईडीएफआई) द्वारा "एनईडीएफआई सूक्ष्म वित्त योजना" प्रारंभ की गई थी। योजना के माध्यम से, निगम क्षेत्र के सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) को कम आय वाले व्यक्तियों को कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों में विभिन्न आय सृजन संबंधी गतिविधियों के लिए ऋण देने हेतु सूक्ष्म ऋण प्रदान करता है।

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, योजना के तहत संचयी संस्वीकृति और संवितरण क्रमशः 882.40 करोड़ रुपये और 872.16 करोड़ रुपये था; जिसने आठ लाख से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया है। इस योजना के तहत 90% से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं जिसने उन्हें अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करने और गरीबी रेखा से ऊपर उठने में सक्षम बनाया है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर) द्वारा दो आजीविका कार्यक्रम कार्यान्वित किए गए हैं जो तब से पूर्ण हो चुके हैं:

I. पूर्वोत्तर ग्रामीण आजीविका परियोजना (एनईआरएलपी) (2011-2019); तथा
II. पूर्वोत्तर क्षेत्र सामुदायिक संसाधन प्रबंधन परियोजना (एनईआरसीओआरएमपी) (1999-2021)

स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संघों, बाजार पहुंच के प्रावधान और कौशल विकास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ये कार्यक्रम लोगों, विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र के सर्वाधिक पिछड़े क्षेत्रों में महिलाओं के उत्थान पर केंद्रित थे।

इन कार्यक्रमों के तहत लाभार्थियों का विवरण नीचे दिया गया है:

एनईआरएलपी:

कार्यक्रम के तहत 28,154 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं जिनमें 2,92,881 महिला एसएचजी लाभार्थी थीं।

एनईआरसीओआरएमपी:

चरण	लाभार्थी परिवार	कुल लाभार्थी	महिला लाभार्थी
एनईआरसीओआरएमपी -I	39,161	234,966	111,141
एनईआरसीओआरएमपी -II	20,826	124,956	61,478
एनईआरसीओआरएमपी -III	58,799	352,794	172,870
कुल योग	118,786	712,716	345,489

एनईडीएफआई विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण भी प्रदान करता है, जिससे इस क्षेत्र में कुल 4.70 लाख रोजगार सृजित हुए हैं। एनईडीएफआई द्वारा वित्तपोषित विभिन्न योजनाओं के तहत सृजित रोजगार की राज्य-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

*****

अनुबंध

राज्य सभा के दिनांक 16.12.2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2188 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पूर्वोत्तर क्षेत्र में एनईडीएफआई द्वारा वित्तपोषित विभिन्न योजनाओं के तहत सृजित रोजगार की संख्या

राज्य	रोजगार की संख्या (लाख में)
अरुणाचल प्रदेश	0.13
असम	3.22
मणिपुर	0.73
मेघालय	0.21
मिजोरम	0.11
नगालैंड	0.11
सिक्किम	0.08
त्रिपुरा	0.11
कुल योग	4.70